कार्यालय प्रधानाचार्य, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर।

संख्या /बीआरजी/एमसी–26/ईसी–4 दिनॉकः 20/11/2026

विज्ञप्ति/सूचना

बी0आर0डी0, मेडिकल कालेज, गोरखपुर में चिकित्सा व्यवस्था एवं चिकित्सकीय सुविधाओं के बेहतर प्रबन्धन किये जाने हेतु रिक्त जूनियर रेजीडेन्ट एवं लैब टेक्नीशियन के पद पर (वी0डी0आर0एल0) एतद् द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से अंकित कर प्रधानाचार्य कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक द्वारा समस्त प्रमाण–पत्रों की एक प्रति स्वप्रमाणित आवश्यक संलग्नको संहित दिनांक 30.11.2026 दिन सोमवार को सायं 5:00 बजे तक प्राप्त किये जाएंगे।

इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि साक्षात्कार हेतु अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रों के साथ तथा स्वप्रमाणित एक प्रति बायोडाटा सहित प्रधानाचार्य कार्यालय के कमेटी कक्ष में दिनांक 04.12.2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे तक, अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इस हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् हैः–

क0 सं0	पदनाम	स्वीकृत पदों की संख्या	भरे पदों की संख्या	रिक्त पदों की संख्या	श्रेणी	शैक्षणिक अर्हता
01	जूनियर रेजीडेन्ट	02	01	01	अनारक्षित	स्नातकोत्तर मेडिकल डिग्री/डिप्लोमा / एम0एस0सी माइक्रोबायलॉजी
02	टेक्नीकल असिस्टेन्ट/टेक्नीशियन	06	05	01	अनारक्षित	DMLT,BSC.MLT एवं 02वर्ष का कार्य अनुभव

नियम एवं शर्तेः–

1.स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा टेक्नीकल असिस्टेन्ट/टेक्नीशियन का रजिस्ट्रेशन।

2.उपरोक्त पदों पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय अनुमन्य होगा।

3.माइक्रोबायलॉजी विभाग मे कार्य करने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

4.पदों की संख्या घट बढ सकती है।

5.उक्त संविदा पदों पर चयन ,महाविद्यालय स्तर पर चयन समिति की संस्तुति के आधार पर की जाएगी।

6.उपरोक्त पदो पर अधिकतम् आयु 40 वर्ष निर्धारित है।

7.साक्षात्कार हेतु फार्म दिनांक 30.11.2026 दिन सोमवार को सायं 5:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे उसके उपरान्त किसी के प्राप्त निवेदन को स्वीकार नही किया जायेगा।

नोट– आवेदन पत्र का पता–प्रधानाचार्य, बी0आर0डी0, मेडिकल कालेज, गोरखपुर।

प्रधानाचार्य
मेडिकल कालेज, गोरखपुर

संख्याः 107 **/तद् दिनांक**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1.महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

2.प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर, मेरठ, झांसी, प्रयागराज, आजमगढ, आगरा, अम्बेडकर नगर, कन्नौज, बांदा, उ0प्र0।

3.प्रभारी अधिकारी, वेबसाइट, मेडिकल कालेज, गोरखपुर को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट, पर आज ही प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

4.सूचना पट्ट कालेज एवं नेहरू चिकित्सालय, मेडिकल कालेज, गोरखपुर।

प्रधानाचार्य
मेडिकल कालेज, गोरखपुर